लोक शिक्षण संचालनालय
मध्यप्रदेश, भोपाल

दूरभाषः– 0755–2583650 ईमेल–mpsacteam@gmail.com

क्र./समग्र/असेसमेंट/**SEAS** /2023/1996 भोपाल, दिनांक– 22/09/2023

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी/अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक
समस्त जिले (म.प्र)

विषय– NCERT द्वारा 3 नवंबर 2023 को ब्लॉक स्तर पर स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे (SEAS) 2023 के आयोजन एवं आवश्यक पूर्व तैयारियॉ कराने के संबंध में।

संदर्भ– NCERT पत्र क्रमांक–F.No.1-23/NAS CELL/NAS/ISB/2023-24 Date-02 August, 2023.

----000----

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि समस्त जिलों की सेम्पल द्वारा चयनित शालाओं में दिनांक 3 नवंबर 2023 को **NCERT** द्वारा प्रदत्त गाईड लाईन अनुसार स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे (SEAS) 2023 का आयोजन कक्षा 3, 6, एवं 9 में ब्लॉक स्तर पर किया जाना निर्धारित है। सेम्पल विद्यालयों की सूची अक्टूबर माह के द्वितीय सप्ताह में उपलब्ध होगी। यह सर्वे NAS 2024 सर्वे की पूर्व तैयारी के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। कक्षा–9वीं में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे 04 विषयों – अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान में करवाया जाना है। इस क्रम में समस्त विद्यालयों के कक्षा–9वीं के छात्र–छात्राओं हेतु पूर्व अभ्यास करवाने के लिए निम्नानुसार कार्यवाही करें –

1. विमर्श पोर्टल पर अभ्यास हेतु विषयवार प्रश्न–पत्र उपलब्ध कराये जावेंगे। प्राचार्य इन प्रश्न–पत्रों को प्रिंट कर प्रत्येक विद्यार्थी हेतु फोटोकॉपी करायें तथा विद्यार्थियों को अभ्यास हेतु उपलब्ध करायेंगे। विद्यार्थी इन्हें हल करके प्रश्न–पत्र के पीछे दिये गये ओएमआर के प्रारूप में उत्तरों को अंकित करेगे तथा शिक्षक को ओएमआर का प्रारूप सौपेंगे। विद्यार्थी प्रश्न–पत्र को तैयारी हेतु रख सकेगें। विषय शिक्षक ओएमआर के आधार पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन करेगे तथा अक्टूबर माह में अपने विषय के पाठ्यक्रम के अतिरिक्त इन अभ्यास प्रश्नों को हल करवायेगे। ताकि विद्यार्थियों की समझ इन लर्निंग आउट कम्स पर विकसित हो सके। जिन लर्निंग आउटकम्स में विद्यार्थियों का प्रदर्शन कमजोर रहता है उस हेतु रणनीति बनाकर विशेष प्रयास किये जायें। फोटोकॉपी पर होने बाला व्यय अभी समग्र के कान्टीजेन्सी मद से किया जाये, सर्वे उपरांत प्रति छात्र 25 रूपये के मान से राशि एलईपी मद से उपलब्ध कराई जावेगी।
2. यह अभ्यास Swift Chat App के स्वयं सिद्धि चेट बॉट पर ऑन लाईन मोड पर भी दिनांक 30 सितंबर से प्रति सप्ताह उपलब्ध कराया जावेगा। प्रति सप्ताह चारों विषय के कुल 32 प्रश्न चेट बॉट पर उपलब्ध रहेगे जो एक सप्ताह के लिए लाइव रहेगे। अतः कक्षा–9वीं के अधिकतम विद्यार्थियों के मोबाइल पर Swift Chat App डाउनलोड करवाकर अभ्यास कराया जाना सुनिश्चित करें।

3. चूँकि SEAS–2023 में प्रायवेट विद्यालय भी सम्मिलित रहेगे। अतः विमर्श पोर्टल पर उपलब्ध अभ्यास सामग्री की सॉफ्टकॉपी संकुल प्राचार्य के माध्यम से अशासकीय विद्यालयों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

मॉनिटरिंगः–

स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे (SEAS) एवं इसके अभ्यास कार्य की सतत् मॉनिटरिंग जिला स्तर से की जाये। राज्य स्तर से भी इसकी मॉनिटरिंग की जावेगी। मॉनिटरिंग के समय प्राचार्य विद्यार्थियों द्वारा भरे हुये ओ.एम.आर प्रारूप अवश्य उपलब्ध करायेगे तथा जिन लर्निंग आउटकम्स में विद्यार्थी कमजोर हैं, उस हेतु किये गये प्रयास की जानकारी निरीक्षणकर्ता को उपलब्ध करायेगें।

उक्तानुसार कार्यवाही संपादित कराना सुनिश्चित करें।

(अनुभा श्रीवास्तव) 22/9
आयुक्त
लोक शिक्षण म.प्र.

पृ.क्र. / समग्र / असेसमेंट / SEAS / 2023 / 1997 भोपाल, दिनांक– 22/09/2023

प्रतिलिपि–

1. निज सचिव, माननीय मंत्री म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल।
3. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण, भोपाल मध्यप्रदेश ।
4. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, जनसंपर्क विभाग, मंत्रालय भोपाल।
5. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, गौतम नगर, भोपाल मध्यप्रदेश
6. कलेक्टर, समस्त जिले मध्यप्रदेश।
7. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग, मध्यप्रदेश।
8. जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जिले मध्यप्रदेश।
9. प्राचार्य, डाईट, समस्त जिले मध्यप्रदेश।
10. समस्त प्राचार्य, संकुल केन्द्र (हाईस्कूल / हायर सेकण्डरी स्कूल), मध्यप्रदेश।
11. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी / बीआरसीसी, मध्यप्रदेश।
12. म.प्र. विमर्श पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

आयुक्त 22/9
लोक शिक्षण म.प्र.